INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	**Department: Hindi**	
Worksheet No: 7	Topic: Paragraph Worksheet	Note: Pl. file in portfolio

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -

एक समय की बात है , सीमा पर युद्ध की तैयारियाँ चल रही थीं। सभी सेनाएँ अपने-अपने बंकरों पर पहुँच रही थीं।एक जनरल जो बहादुर और परम वीर थे।उन्हें वीरता के लिए ढेरों पुरस्कार प्राप्त थे।वे अपनी सैन्य टुकड़ी लेकर सीमा की ओर जा रहे थे। जनरल ने महसूस किया कि उनकी सेना का मनोबल बहुत कम है।जनरल ने अपनी सैन्य टुकड़ी से इसका कारण पूछा।किंतु जवानों ने कारण नहीं बताया। कुछ समय बाद जनरल ने एक स्थान पर अपने सैनिकों को रुकने का आदेश दिया।जनरल ने सैनिकों से फिर पूछा कि,“आप में मनोबल की कमी दिख रही है,इसका क्या कारण है?”

कुछ सैनिकों ने दबे स्वर में कहा कि हम संख्या में बहुत कम हैं और हमारे दुश्मन हम से अधिक। इस पर जनरल कुछ बोले नहीं।उन्होंने सब को विश्राम करने को कहा। कुछ समय विश्राम के पश्चात जब चलने की तैयारी हुई तो जनरल ने अपने जवानों को संबोधित किया कि मेरे! बहादुर जवान सिपाहियों आप उस देश के सैनिक हो जहाँ का एक-एक योद्धा दुश्मन के सवा लाख सैनिकों पर भारी पड़ता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि विजय आपकी ही होगी। ऐसा कहते हुए जनरल ने भारत माता की जय के नारे लगाए।

जनरल ने कुछ दूर स्थित पहाड़ी से नीचे झाँककर देखा और अपने सैनिकों को बताया कि हमारी सहायता के लिए कई सैनिक टुकड़ियाँ हमारी ओर आ रही हैं।इतना सुनते ही सभी सैनिकों का मनोबल बढ़ गया। उनकी ताकत दस गुना अधिक हो गई, सभी जवान जोशीले स्वर में जयघोष लगाते हुए सीमा की ओर बढ़ चले। सैनिकों का चेहरा तेज और लालिमा से चमक रहा था। युद्ध में सैनिकों ने बहादुरी,आत्मविश्वास और धैर्य से दुश्मनों को हराया। दुश्मन देखते ही देखते वहाँ से पीठ दिखा कर भाग गए।

सैनिकों ने दुश्मनों को अपने देश में तो घुसने नहीं दिया बल्कि उनके देश में आगे जाकर कितने ही दूर तक खदेड़ आए।जनरल के वीर सैनिक जय-जयकार करते हुए वापस अपने देश लौट आए। युद्ध जीतने के बाद जनरल ने अपने सैनिकों की बहुत सराहना की और उनकी ताकत का उन्हें विश्वास दिलाया।यह भी बताया कि आत्मबल और दृढ़ निश्चय विजय की पहली सीढ़ी है, इस पर चढ़कर ही कोई भी व्यक्ति सफलता पा सकता है।जनरल को नेतृत्व करने के लिए सम्मानित किया गया।जवानों को देशवासियों का खूब प्यार मिला। देश की सरकार ने वीर सैनिकों को सम्मान दिया।

शिक्षा – कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी हमें धैर्य नहीं खोना चाहिए।

प्रश्न -1 युद्ध की तैयारियाँ कहाँ पर चल रही थीं?

* सीमा पर * खेतों में * नदी के किनारे * पहाड़ पर

प्रश्न -2 जनरल को वीरता के लिए क्या प्राप्त हुआ था ?

* ढेरों पुरस्कार * ढेरों फ़ल
* ढेरों फूल * ढेरों उपहार

प्रश्न -3 जनरल ने महसूस किया कि ---------------------।

* उनकी सेना का मनोबल बहुत कम है * उनकी सेना का खर्च बहुत कम है
* उनकी सेना का अनुभव बहुत कम है * उनकी सेना का खाना बहुत कम है

प्रश्न -4 आप में मनोबल की कमी दिख रही है, इसका क्या कारण है?"किसने किससे कहा?

* जनरल ने सैनिकों से * राजा ने मंत्री से
* मंत्री ने सिपाहियों से * सेठ ने नौकरों से

प्रश्न -5 हमारे देश का एक-एक सैनिक योद्धा दुश्मन के कितने सैनिकों पर भारी पड़ता है ?

* एक लाख * सवा लाख * दो लाख * तीन लाख

प्रश्न -6 सैनिक टुकड़ियाँ किस लिए आ रही थीं?

* जनरल और सैनिकों की सहायता के लिए * शत्रु की सहायता के लिए
* गरीबों की सहायता के लिए * बच्चों की सहायता के लिए

प्रश्न -7 युद्ध में सैनिकों ने दुश्मनों को कैसे हराया?

* बहादुरी, आत्मविश्वास और धैर्य से * धैर्य और तलवारों से
* बहादुरी और चालाकी से * आत्मविश्वास और गोलियों से

प्रश्न -8 सैनिकों ने किसे अपने देश में घुसने नहीं दिया ?

* बीमारी को * दुश्मनों को
* विदेशी जासूस को * विदेशियों को

प्रश्न -9 जनरल ने अपने सैनिकों की सराहना कब की?

* युद्ध जीतने के बाद * चुनाव के बाद * कार्य के बाद * खेल के बाद

प्रश्न -10 गद्यांश में से ढूँढकर निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए ।

* अनेक --------------- * कायर ---------------
* अधिक --------------- * दोस्त ---------------

****